एक नजर में

सिक्योरिटी गार्डो ने ही कराई थी बैटरियों की चोरी, 6 लाख 50 हजार की बैटरियों के साथ 5 गिरफ्तार

कसरावद, निप्र। पुलिस ने भीलगांव में चल रहे प्लांट कंपनी के गोदाम से चोरी हुई साढ़े 6 लाख रुपए मूल्य की बैटरी चोरी का मामले का पर्दाफाश करते हुए 2 सिक्योरिटी गार्ड सहित उसके 3 साथियों को गिरफ्तार किया है। जिसके जिम्मे सुरक्षा, निगरानी की जिम्मेदारी थी उसी सिक्युरिटी गार्ड ने कंपनी के गोदाम से चोरी का षडयंत्र रचकर वारदात को अंजाम दिया था।हालांकि सिक्योरिटी गार्ड की चतुराई पुलिस के सामने काम नही आई और चोरी में शामिल 4 साथियों के साथ सिक्युरिटी गार्ड भी पुलिस के शिकंजे में फंस गया है। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि 12 फरवरी 26 को थाना कसरावद पर अजय जो आत्मनिर्भर ऊर्जा प्रायवेट लिमिटेड भीलगांव पर प्लांट हेड के पद पर कार्यरत हैं। ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी 7 फरवरी को सिक्योरिटी गार्ड रूतेश ने बताया कि 06 फरवरी की रात प्लांट के गोदाम में रखी बैटरियां चोरी हो गई हैं। गोदाम में 304 बैटरियां थी, जिसमें से 37 बैटरियां कम पाई। पुलिस ने रिपोर्ट पर जांच शुरु की। घटनास्थल एवं आसपास के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया गया। विवेचना के दौरान ड्यूटीरत सिक्युरिटी गार्ड करण पिता दुलेसिंह बघेल निवासी ग्राम तलावडी और रूतेश पिता श्रीराम निंगवाल निवासी ग्राम बेकल्या से पृथक-पृथक बातचीत की गई। इसके बाद रूतेश एवं करण के कंपनी से भाग गए, जिससे उन पर संदेह हुआ। दोनो को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने उक्त चोरी को साथी उमेश पिता गुमानसिंह चौहान निवासी ग्राम उमराली, बादल पिता मुलेसिंह बघेल निवासी ग्राम बलवानी और रोहित उर्फ रवि पिता इंदरसिंह मोरी निवासी मोरीपुरा सुसार के साथ मिलकर करना स्वीकार किया गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि ड्यूटी के दौरान उमेश अपनी ईक्को गाड़ी से आधी रात में आकर गोदाम से बैटरियां चोरी कर ले जाता था। संदेह से बचने के लिए हमने ही कंपनी हेड को चोरी की सूचना दी, पकड़े जाने के डर से हम कुक्षी भाग गए।आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई 37 बैटरीयां जब्त की गई।

जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने आचार्य श्री के दर्शन कर नगर पधारने हेतु किया श्रीफल समर्पित

सनावद, निप्र। नगर गौरव वात्सल्य वारिधि आचार्य रत्न श्री वर्धमान सागर जी महाराज सहित अठारह त्यागियों की जन्म नगरी सनावद से बारह सदस्यी जैन समाज का प्रतिनिधि मंडल ने मुक्तागिरी जैन तीर्थक्षेत्र पहुंच कर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के द्वारा प्रथम प्रदत्त आचार्य शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के दर्शन कर नगर सनावद की और विहार कर नगर पधारने हेतु श्रीफल समर्पित किए। सन्मति जैन काका ने बताया कि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के साथ नगर में जन्मे नगर गौरव मुनि श्री प्रशस्त सागर जी महाराज एवं बड़वाह नगर के गौरव मुनि श्री मल्लिसागर सागर जी महाराज संगस्त होकर आचार्य श्री के साथ के सहायक होकर धर्म प्रभावना कर रहे है।इस अवसर पर प्रशांत चौधरी, सुनीलजैन डीपीएस, मुकेश जैन, रजनीश जैन, रोजेश जैन, राजा जैन, आशीष झाझरी,सुनील पावणा, वारिश जैन, विशाल चौधरी, पुष्पेंद्र जैन, अक्षय सराफ उपस्थित थे।

माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8 वी के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

बिस्टान, निप्र। बुधवार को विकाखंड झिरनिया की शासकीय एकीकृत मध्यमिक विद्यालय मुंडिया में कक्षा 8 वी में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती बीना सिसौदिया ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कक्षा 8 वी में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को कक्षा 6 टी और कक्षा 7वो और विद्यालय स्टाप की ओर से उपहार देकर विदाई दी गई।विद्यालय के शिक्षक यशवंत गुप्ता ने बच्चो का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विद्या ऐसा धन है जो बार बार खर्च करने से दोगुना और तिगुना होता है। कोई चोर इस घन को चुरा नही सकता साथ ही पिछले वर्ष कक्षा 5 वी और कक्षा 8 वी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रोशनी मडिया कक्षा 5 वी और कक्षा 8 वी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा लक्ष्मी नगर सिंह को 501 रु का पुरुष्कार शिक्षक यशवंत गुप्ता की ओर से दिया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र करौंदे, प्यारसिंह मोरे ,करण मंडलोई ,राहुल शर्मा,पूर्व प्रधानपाठक रामबाबू राठौर, पूर्व प्रधान पाठिका राधा चौहान, संजय कुशवाह ,आदि उपस्थित थे ।

सब जेल बड़वाह का निरीक्षण, शिविर में बंदियों को दी कानूनी जानकारी

बड़वाह, निप्र। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन द्वारा सब जेल बड़वाह का निरीक्षण किया गया एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीश श्री जैन द्वारा बंदियों को कानून संबंधी जानकारी देते हुए प्लीबारगेनिंग एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने बंदियों से उनके अधिवक्ता है अथवा नहीं की जानकारी ली तथा जिनके अधिवक्ता नहीं हैं, वे विधिक सहायता से नि :शुल्क अधिवक्ता ले सकते हैं, इस बारे में बंदियों को जानकारी दी गई। उन्होंने बंदियों की अपीलों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि बंदी अपनी अपील हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट तक कर सकता है, साथ ही जमानत के लिए भी आवेदन लगा सकता है। वह चाहे तो विधिक सहायता के माध्यम से भी आवेदन एवं अपील कर सकता है। इसके साथ ही न्यायाधीश सुश्री जैन द्वारा बंदियों की समस्याएं सुनी एवं उनकी समस्याओं को नोट किया तथा निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। बंदियों को उनके बैरकों में रहने, खाने तथा स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चन्द्रेश मण्डलोई, सब जेल अधीक्षक श्री युवराज सिंह मुवेल, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण

छत्रपति शिवाजी जयंती पर गूंजा जय भवानी, जय शिवाजी का जयघोष

मराठा क्षत्रिय समाजजनों ने निकाली भव्य पालकी यात्राएं शिव गर्जना ढोल की ताल पर किया लेझिम नृत्य

नवभारत न्यूज

खरगोन, निप्र। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर शहर में जय भवानी, जय शिवाजी.. का उद्घोष गुंजायमान हुआ। वीरता और स्वराज्य के प्रतीक शिवाजी महाराज की जयंती मराठा समाज ने उत्सवी माहौल में मनाई। शहर के जवाहर मार्ग स्थित अशोक वाटिका में दोपहर को समाजजनों का एकत्रिकरण हुआ। यहां शिवाजी महाराज के जयघोष के साथ पालकी यात्रा का आगाज हुआ। पालकी में शिवाजी की प्रतिमा विराजित कर समाजजन कंधे पर उठाकर चल रहे थे। वहीं महिलाएं महाराष्ट्रीयन साड़ी एवं पुरुष सफेद कुर्ता-पजामे में शामिल हुए, जिससे समूचा आयोजन महाराष्ट्र के रंग में

रंगा नजर आया। समाज के युवक-युवतियों सहित महिला- पुरुषों हाथों में भगवा ध्वज लिये हिन्दू राष्ट्र का भाव जागृत कर रहे थे। इंदौर का 50 सदस्यीय शिव गर्जना ढोल दल ने कार्यक्रम में उमंग और उत्साह का संचार किया। ढ़ोल की लय के माध्यम से धर्म, परंपरा और संस्कृति का सजीव दर्शन कराया। बालक- बालिकाओं ने ढोल की ताल पर लेंझिम नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। सुसज्जित बग्घी में भी शिवाजी का आदमकद चित्र स्थापित किया गया था। समाज अध्यक्ष अनिल कोंकणे ने शिवाजी को नमन करते हुए कहा कि मराठा

साम्राज्य के संस्थापक, साहसी, दूरदर्शी और न्यायप्रिय शासक और उनके आदर्शों को याद करने का अवसर है। छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक नाम नहीं, बल्कि स्वाभिमान, शौर्य और स्वतंत्रता का प्रतीक हैं। उन्होंने न सिर्फ एक शक्तिशाली हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की, बल्कि अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लडने की प्रेरणा भी दी। आज उनकी जन्म जयंती पर हम संकल्प लें कि उनके आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्रभक्ति, न्याय और स्वाभिमान की रक्षा करेंगे। शिवाजी महाराज का पराक्रम और उनकी दूरदृष्टि हमें सदा प्रेरित करती रहेगी। समाज सचिव अमित दलवे, दीपक वाघ, अनिल जाधव, सुनील दलवे आदि ने बताया कि पालकी यात्रा जवाहर मार्ग राधावल्लभ मार्केट, पोस्ट ऑफिस चौराहा, पुराना हॉस्पिटल रोड, श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहा, टीआईटी कॉम्प्लेक्स, बस स्टेड, गजानंद सोनी तिराहा, बिस्टान रोड तिराहा, जवाहर मार्ग से होते हुए पुन: अशोक वाटिका पहुंची, जहां यात्रा को विराम दिया गया। यात्रा के दौरान रास्तेभर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। महिला मंडल अध्यक्ष मंदा कराले आदि ने बताया रात्रि में समाज की धर्मशाला में समाजजनों के लिए भंडारा महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ।

शेडो एरिया में फल-फूल रही गांजे की खेती पर पुलिस का प्रहार

दो खेतों से डेढ़ करोड़ रुपए के 5900 पौधे उखाड़े

खरगोन, निप्र। पुलिस ने सुदुर वनवासी अंचल के शेडो एरिया में फल-फूल रही गांजे की खेती पर प्रहार किया है। यहां दो अलग-अलग गांवों में योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर डेढ़ करोड़ रुपए मूल्य के 5900 पौधे जब्त किए है। इन पौधों को उखाडने में पुलिस को खासी मशक्कत करना पड़ी। एसपी रविंद्र वर्मा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हेलापडाव पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सेन्द्रीयाघाटी गुवाडा और तिखली बैडी पीढ़ी जामली में बड़े पैमाने पर गांजे की खेती की जा रही थी।

टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी

सेन्द्रीयाघाटी गुवाडा के रहने वाले जुवानसिंग ने अपने खेतों में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजे के पौधे लगाये थे। जुवानसिंग के खेत से 5500 गांजे के पौधे कुल वजनी 2811 किलो ग्राम जब्त किए है। इस गांजे की कीमत 1 करोड़ 40 लाख 55 हजार रुपये आंकी गई है। जुवानसिंग के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इसी तरह ग्राम तिखली बैडी पीढ़ी जामली में 400 गांजे के पौधे कुल वजनी 168 किलो 840 ग्राम जब्त किए है। इस गांजे की कीमत 8 लाख 49 हजार 200 रुपये आंकी गई है। यहां मांगीलाल पिता टेटला किराड़े के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों से पूछताछ में बड़े नेटवर्क के खुलासे का अनुमान है।

बैंड- बाजों के साथ भगवान श्री नवग्रह देवता ने किया मेला भ्रमण

खरगोन, निप्र। शहर का ऐतिहासिक 134वां नवग्रह मेला समापन की ओर बढ़ गया है। 22 फरवरी को समापन से पहले परंपरागत रुप से भगवान श्री नवग्रह देवता ने गुरुवार को सुसज्जित पालकी में विराजित होकर मेले का भ्रमण किया। ढोल-तासों, बैंड-बाजों के साथ राजसी ठाठ- बांट के साथ मेला घुमने निकले नवग्रह महाराज ने करीब 5 घंटे समूचे मेले में भ्रमण किया। नवग्रह देवता का आशीर्वाद और दर्शन पाने के लिए मेले में व्यापारियों और नागरिक आतुर नजर आए। जगह- जगह दर्शन- पूजन किया गया। व्यवसायियों ने बाबा को सवा क्विंटल जलेबी का महाभोग लगाकर भ्रमण के दौरान प्रसादी के

रुप में वितरित किया। वहीं मेला समिति ने भी श्री नवग्रह देवता का पुष्पर्षा कर स्वागत किया।

ग्राम पानवा के पास सड़क पार कर रहे युवक को बल्कर ने रौंदा, इलाज से पहले मौत

कसरावद, निप्र। गुरुवार दोपहर हाईवे 347ष्ट पर बलखड़ पुनर्वास और ग्राम पानवा के बीच नर्सरी के पास एक भीषण सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धरमपुरी की ओर बारात में जा रही एक कार कुछ देर के लिए हाईवे किनारे रुकी थी, ताकि उसमें सवार दो युवक बाथरूम के लिए उतर सकें,कार में सवार युवकों के मुताबिक कुछ दूरी पर उनकी साइट छोटे बच्चे खड़े थे, जिन्हें देखकर दोनों युवक सड़क पार करने लगे।इसी दौरान खलघाट की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे बल्कर वाहन क्रमांक ऋ्छ 09 त्रश्व 3557 ने सड़क पार कर रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,घटना के तुरंत बाद साथियों ने घायल युवक को चार पहिया वाहन से कसरावद अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अजय चौधरी पिता रघुराम चौधरी (28 वर्ष) निवासी ग्राम राइजर, तहसील बड़वाह के रूप में हुई है। बताया गया कि कार में कुल छह लोग सवार थे और सभी धरमपुरी बारात में शामिल होने जा रहे थे। मृतक के चचेरे भाई अक्षय चौधरी ने बताया कि दोनों युवक बाथरूम के लिए कार से उतरे थे। एक युवक सुरक्षित सड़क पार कर गया, लेकिन दूसरा तेज रफ्तार बल्कर की चपेट में आ गया।हादसे के बाद बल्कर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश जारी है।

संतों के त्याग, तप, और तपस्या से आच्छादित मां रेवा तट की भूमि

बड़वाह, निप्र। संतों के त्याग ,, तप,,और तपस्या से आच्छादित मां रेवा तट की भूमि जिस पर पूरे वर्ष भर अनेकानेक धर्म जागरण के आयोजन निरंतर प्रवाहमान रहते है। इन्ही आयोजन के कारण बड़वाह शहर और यहां के बाशिंदे इन धार्मिक ज्ञान गंगा की वैतरणी में पुण्य स्नान करते हे। पूरे प्रदेश भर में एक मात्र नर्मदा तट पर बड़वाह ही ऐसा नगर हे जहां अनेक संत महंत धार्मिक आयोजन और समागम के माध्यम से हिंदुत्व और सनातन के अलख को जागृत किए हुए हे। एक बार फिर एक भव्य और विशाल धार्मिक आयोजन के रूप में 108 कुंडीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 19 फरवरी से होने जा रहा है। नर्मदा रोड पर सत्कार ढाबे के पीछे 28 फरवरी तक होने वाला यह संपूर्ण अनुष्ठान स्वामी श्री निर्मल चैतन्यपुरी जी महाराज के संकल्प एवं उनके सानिध्य में सम्पन्न होगा। इसी तारतम्य में बुधवार सुबह 11 बजे नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।आनंदेश्वर मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। इसके पहले स्वामी श्री निर्मल चैतन्यपुरी जी महाराज ने पूजन किया।इसके बाद बैंडबाजे के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई।इस दौरान 100 से अधिक से अधिक महिलाएं कलश लेकर इस यात्रा में सम्मिलित हुई। सभी ने लाल वस्त्र धारण किए हुए थे।इसके बाद कलश यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान नपाध्यक्ष राकेश

गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी इस कलश यात्रा में शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत भी हुआ। इधर कलश यात्रा के दौरान प्रतिदिन आयोजन स्थल पर शिवमहापुराण कथा का वाचन करने वाले कथावाचक रामकृष्णदास जी महाराज(खेगांव वाले),रामकृष्णदास त्यागी जी महाराज(रामेश्वर धाम),पंडित श्रवण मिश्र,पंडित अतुल मिश्र,पंडित तरुण तिवारी,श्री सुभाष गुरुजी (ओंकारेश्वर) बग्गी में विराजित थे। मुख्य आयोजन जिसमें 108 कुंडीय महायज्ञ के साथ शिवमहापुराण कथा का वाचन भी आज गुरुवार से प्रारंभ होगा। उल्लेखनीय है की सुख,शांति,समृद्धि और कल्याण के उद्देश्य से 108 कुंडिय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। जिसमें वृहद 120 बाय 120 के क्षेतफल में यज्ञशाला निर्माण किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन दो समय सुबह 9 से 12 और दोपहर में 3 से 6 में हवन आहुति डाली जाएगी।इस तरह पूरे आयोजन में कुल डेढ़ करोड़ आहुतियां डाली जाएगी।वही 12 से 3 बजे तक रामकृष्णदास जी महाराज खेगाव वालो द्वारा शिवमहापुराण कथा का लाभ श्रद्धालु ले पाएंगे। इस आयोजनों में श्रद्धालुओं के समेत बड़ी संख्या में विप्रजन भी सम्मिलित होंगे। इस दस दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर करीब 12 एकड़ जमीन पर तैयारियां की गई हे। जिसमें यज्ञ शाला,, भोजन शाला,, कथा पंडाल,, एवं सुचारु संचालन व्यवस्थाओं के लिए कार्यालय बनाया गया है।

यज्ञशाला में 108 हवन कुंड का निर्माण कराया गया है:- स्वामी निर्मल चैतन्य पूरी जी महाराज ने बताया कि बड़वाह शहर में पहली बार 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्री शिवमहापुराण कथा भक्तमाल चरित कथा का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा। यज्ञशाला में 108 हवन कुंड का निर्माण कराया गया है। यज्ञाचार्य श्रद्धेय पण्डित प्रवर श्री आचार्य श्री डॉ. गंगाधर पाण्डेय महाभाग के द्वारा सवा करोड़ भगवान लक्ष्मीनारायण के मंत्रोंचार की आहुति यजमानों के द्वारा सुबह 09 से 12 दोप.03 से 06 बजे तक 109 कुंडो में डाली जाएगी।

काशी की तर्ज पर गंगाजी की महाआरती होगी

स्वामी निर्मल चैतन्य पूरी जी महाराज ने बताया कि अखण्ड हरिनाम संकीर्तन सहित सम्पूर्ण भारत की पदयात्रा एवं माँ नर्मदा परिक्रमा के अन्तर्गत ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग क्षेत्र बड़वाह शहर में 10 दिवसीय 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्री शिवमहापुराण कथा भक्तमाल कथा का आयोजन होगा।पंडित प्रवर श्रवण मिश्र महाभाग पंडित प्रवर अतुल मिश्र महाभाग पंडित प्रवर सुभाष चन्द्र सकलानी महाभाग पंडित प्रवर बृजमोहन शर्मा महाभाग पंडित प्रवर नारायण त्रिपाठी जी महाभाग के द्वारा प्रतिदिन शाम शाम 07 बजे से काशी में होने वाली गंगाजी की तरह नर्मदाजी की महाआरती की जावेगी।

एक नजर में

पावन शिव महापुराण कथा के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला

शिव महापुराण कथा का प्रथम दिन : भक्ति और आस्था से गूंजा पंडाल

नवभारत न्यूज

बड़वाह, निप्र। संपूर्ण भारतवर्ष की अखंड हरी नाम संकीर्तन पदयात्रा के साथ नंगे पैर पदयात्रा कर रहे पदयात्रा सत्संगकल्प करता परम पूज्य स्वामी निर्मल चैतन्यपुरी जी महाराज जी के सानिध्य में ओंकारेश्वर परिक्षेत्र के बड़वाह नगर में आयोजित 108 कुंडीय महायज्ञ 108 कुंडिया श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का शुभारंभ 19 फरवरी से भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ है 18 फरवरी 2026 को भविष्य शोभा यात्रा का आयोजन शुभारम्भ किया गया। पावन शिव महापुराण कथा के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा वाचन की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना, गणेश वंदना और कलश स्थापना के साथ हुई। कथा वाचक स्वामी रामकृष्ण दास जी त्यागी जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि 'पाप न करना भी एक बड़ा पुण्य है।' उन्होंने बताया कि शिव पुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा दिखाने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। प्रथम दिवस पर शिव महापुराण की उत्पत्ति, उसकी महत्ता और श्रवण के

लाभों का विस्तार से वर्णन किया गया। स्वामी रामकृष्ण दास जी महाराज ने बताया कि जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ कथा सुनता है उसके जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मन में सकारात्मकता का संचार होता है। कथा के दौरान भगवान शिव के निराकार और साकार स्वरूप, शिवलिंग की महिमा तथा भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के सत्संकल्पकर्ता पूज्य स्वामी निर्मल चैतन्य पुरी जी महाराज जी ने कहा कि यह महायज्ञ एवं श्री कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाओं ने मंगलगीत गाए और पूरे पंडाल में 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे। अंत में शाम 7 बजे काशी गंगा जी कि आरती कि तर्ज पर आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। आयोजन समिति के अनुसार आगामी दिनों में शिव विवाह और अन्य प्रेरक प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर यज्ञ आचार्य डॉक्टर गंगाधर पांडे जी महाभाग, पंडित श्रवण मिश्र जी महाभाग, पंडित अतुल मिश्र जी महाभाग, आचार्य तरुण तिवारी जी महाभाग, पंडित सुभाष सकलानी जी महाभाग , पंडित नारायण जी महाभाग, पंडित वृजमोहन शर्मा जी महाभाग, सेवक राम गुप्ता, मलय गुप्ता , वैभव जोशी, नरेन्द्र जायसवाल, तुषार त्रिवेदी , आदि मौजूद रहे।